प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 26.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्र आज मना रहा है 76वां गणतंत्र दिवस, कर्तव्य पथ पर दिखी भारत के विकास, ताकत और विरासत की झलक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ली परेड की सलामी। ।
- कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी में दिखी राज्य की समृद्ध संस्कृति, रतन टाटा को श्रद्धांजलि और झारखंड की नारी शक्ति का भी प्रदर्शन।
- झारखंड में भी देशभक्ति की भावना के साथ मनाया जा रहा है गणतंत्र दिवस, राज्यपाल ने रांची में और मुख्यमंत्री ने दुमका में किया झंडोत्तोलन, अन्य जिलों में भी शान से लहराया तिरंगा।
- केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को किया अधिसूचित, इसी वर्ष अप्रैल माह से लागू होगी यह योजना।
- हॉकी इंडिया लीग के महिला वर्ग का फाइनल मैच आज, रांची में शाम छह बजे से सूरमा हॉकी क्लब और ओडिसा वरियर्स के बीच होगा खिताबी मुकाबला।

******************

राष्ट्र आज 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नयी दिल्ली के राजपथ पर तिरंगा फहराया और कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की सलामी ली। इस दौरान भारत के विकास, ताकत और विरासत की झलक देखने को मिली। कर्तव्य पथ पर विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की झांकियां भी निकाली गयीं।

******************

दिल्ली में कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी भी शामिल हुई। झांकी में झारखंड की विरासत, विकास और संस्कृ ति की झलक तो दिखी ही, झांकी के जरिये टाटा समूह के पूर्व प्रमुख रतन टाटा को श्रद्धांजलि भी दी गई। रतन टाटा का संबंध झारखंड के सबसे बड़े उद्योग टाटा स्टील से रहा है। झारखंड की समृद्ध संस्कृति, यहां के पारंपरिक नृत्य, शिक्षा के क्षेत्र में नारी शक्ति के बढ़ते कदम का भी प्रदर्शन झांकी में किया गया। झारखंड की झांकी को काफी सराहा गया।

******************

इधर, झारखंड में भी गणतंत्र दिवस देशभक्ति की भावना से मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया गया, जहां राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झंडोत्तोलन किया। इस दौरान उन्होंने चौवालीस पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को पदकों से अलंकृत भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है, जिसका आधार संविधान है।

******************

उधर, उपराजधानी दुमका के पुलिस लाइन मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मिली जुली परेड की सलामी ली। इस अवसर पर विकास आधारित झांकियां भी निकाली गईं। मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सरकार द्वारा जनहित में उठाये जा रहे कदमों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के साथ युवाओं पर भी ध्यान दे रही है।

******************

झारखंड विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने तिरंगा फहराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था हमारी संस्कृति में रची–बसी है।

******************

पलामू जिले में भी गणतंत्र दिवस देशभक्ति की भावना के साथ मनाया जा रहा है। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन स्टेडियम में राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की और लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

******************

लोहरदगा में राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने झंडोत्तोलन किया। मौके पर उन्होंने संविधान में दिये गये अधिकारों की चर्चा की।

******************

76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर देवघर में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हिफाजुल हसन अंसारी ने केके स्टेडियम में ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास को ले जाना है।

******************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।


प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

गणतंत्र दिवस के अवसर पर बोकारो में मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में आयोजित किया गया। पेयजल स्वच्छता एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है।

******************

गिरिडीह जिले में भी गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। गिरिडीह झंडा मैदान में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान आकर्षक झाकियां भी निकाली गईं। मंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले झाकियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए गंभीर है।

******************

इधर, जमशेदपुर में बिस्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में मुख्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का पालन करते हुए देश की तरक्की के लिए कार्य करना चाहिए।

******************

उधर, पश्चिमी सिंहभूम जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस लाइन मैदान में आयोजित किया गया, जहां राज्य के मंत्री दीपक बिरुवा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर उन्होंने भटके हुए नौजवानों से हिंसा का मार्ग छोड़ राष्ट्र की मुख्य धारा में लौटने की अपील की।

******************

पाकुड़ जिले में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। रानी ज्योतिर्मयी स्टेडियम में राज्य के श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव ने झंडोत्तोलन किया और परेडका निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बेहतर काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया।

******************

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आकाशवाणी रांची परिसर में उपमहानिदेशक डीसी हेम्ब्रम और उच्च शक्ति प्रेषित केन्द्र में उपनिदेशक आनंद प्रकाश सिंह के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। मौके पर आकाशवाणी के कई पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

******************

केंद्र ने एकीकृत पेंशन योजना, यूपीएस के कार्यान्वयन को आधिकारिक तौर पर अधिसूचित कर दिया है। सरकार ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत एक विकल्प के रूप में पिछले वर्ष अगस्त में एकीकृत पेंशन योजना शुरू की थी। यह योजना इस साल एक अप्रैल से लागू होगी।

******************

हॉकी इंडिया लीग के महिला वर्ग का फाइनल मैच आज शाम छह बजे खेला जायेगा। मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम में सूरमा हॉकी क्लब और ओडिसा वरियर्स के बीच खिताबी मुकाबला होगा।

*****************